# न्यायालय जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनू

पीठासीन अधिकारीः— लक्ष्मण सिंह कुडी
आई.ए.एस.

**प्रकरण संख्या 156/2021**

लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड, मुख्य व्यावसायिक कार्यालय 2 डी, एफ एल टावर, गोपीनाथ मार्ग, एम आई रोड, जयपुर 302001

—— प्रार्थी बैंक

बनाम

1. ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद सैनी, पता वार्ड नं0 25, खुडाना, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनूं राजस्थान।
2. पूजा सैनी पुत्री श्री पूरन मल सैनी, पता ढाणी बाढा वाली, ग्राम डेहरा जोहडी वाली, डेहराजोरी वाली, गुहाला, जिला सीकर, राजस्थान।
3. अनील सैनी पुत्र श्री बलबीर सैनी, पता वार्ड नं0 25, खुडाना, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनूं राजस्थान।

—— अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 14 वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002

---

उपस्थितः—

1. एडवोकट श्री मनोज कुमार वर्मा ( लक्ष्मी इण्डिया फि0प्रा0लि0 ) — प्रार्थी बैंक की ओर से
2. अप्रार्थी सं0 1 लगायत 3 बावजूद नोटिस तामिल अनुपस्थित।

## आदेश

**दिनांक 18.04.2022**

प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड के अधिवक्ता द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के अनुसार संक्षिप्त तथ्य इस प्रकार है कि अप्रार्थी संख्या 1 लगायत 3 ने वित्तीय संस्था से दिनांक 30.06.2019 को जरिये लोन खाता संख्या — पी0एल0 7534 राशि 18,00,000/— रूपये अक्षरे अठारह लाख रूपये मात्र का ऋण लिया था। अप्रार्थी संख्या 1 व उसके सहऋणियो ने ऋण व उसके मय ब्याज के पुनर्भुगतान हेतु सिक्योरिटी के रूप में अपनी सम्पति को प्रार्थी के पास रहन किया और उस सम्पति पर निर्मित भवन एवं ढांचा आदि को भी प्रार्थी के पक्ष में गिरवीकृत किया जिसका विवरण नीचे वर्णित है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.28 14:52:52 IST
Reason: SelfAttested

**सम्पत्ति का विवरण**

श्री ओमप्रकाश सैनी पुत्र श्री दुर्गा प्रसाद सैनी मालिकाना सम्पत्ति आबादी प्लॉट खसरा नं0 902/136 खुडाना, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनूं राजस्थान मे स्थित है। जिसमें भूमि, भवन, एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पति के अभिन्न अंग है। जिसका क्षैत्रफल 400 वर्ग मीटर मे स्थित है।

जिला कलक्टर झुन्झुनूं

(83)

चर्तुसीमा –
उत्तर में – झुंझुनूं चिड़ावा रोड
दक्षिण में – स्वयं की भूमि
पूर्व में – रास्ता
पश्चिमा में – करनी राम की भूमि

प्रार्थी कम्पनी अंतिम लेखा परीक्षित तुलन पत्र के अनुसार भारतीय रिजर्व बैक अधिनियम, 1934 की धारा 45–झ के खंड ( च ) में यथा निर्धारित एक सौ करोड रूपए से अधिक की आस्ति वाली गैर बैंकिग वित्तीय कम्पनी है जिसको केन्द्रीय सरकार ( भारत सरकार ) के वित मंत्रालय द्वारा दिनांक 24.02.2020 को जारी अधिसूचना का0आ 856 ( अ ) के द्वारा पचास लाख रूपए और उससे अधिक तथा दिनांक 12.02.2021 को जारी अधिसूचना का0आ 652 ( अ ) के द्वारा बीस लाख रूपए और उससे अधिक के सभी प्रतिभूत ऋणो के संबंध में प्रतिभूति हित को लागू करने के लिए वितीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के प्रयोजनो के लिए वितीय संस्था के रूप में विनिर्दिष्ट किया गया है। अप्रार्थीगण नियमित रूप से प्रार्थी का उक्त ऋण का भूगतान नही कर सके और भूगतान के व्यतीकम व अतिदेय होने पर दिनांक 20.02.2020 को अक्रियान्वित आस्ति में वर्गीकृत कर दिया है अप्रार्थीगण के खाते में बकाया राशि लोन खाता संख्या पी0एल0 7534 कुल राशि 25,16,922/–रूपये दिनांक 07.04.2021 तक शेष व दिनांक 07.04.2021 से आगे का ब्याज व खर्चे आदि सहित राशि का भुगतान करने के लिये अप्रार्थीगण जिम्मेदार है। प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड ने उक्त एक्ट की धारा 13( 2 ) के अन्तर्गत दिनांक 12.04.2021 को रजि0 नोटिस भी अप्रार्थीगण को प्रेषित किया और जिसकी प्राप्ति के बाद भी पुनः देय राशि का भुगतान प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड को नही दिया। अप्रार्थीगण ने देय ऋण राशि का भुगतान बावजूद मांग के भी प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड को नही किया है। उक्त एक्ट के प्रावधानो के अनुसार प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड उक्त चरण संख्या 2 में वर्णित सिक्योरीटी रहनशुदा सम्पति का कब्जा प्राप्त करने व विकय कर उक्त शेष देय राशि को वसूल करने के अधिकारी है। अतः प्रार्थना है कि उपरोक्त वर्णित सम्पति जिसका विवरण प्रार्थना पत्र की संख्या 2 में दिया गया है का कब्जा अप्रार्थीगण से प्राप्त कर प्रार्थी बैंक को या उसके द्वारा नियुक्त व्यक्ति को दिलाने की कृपा करावे।

बहस सुनी गई। वकील प्रार्थी ने बहस के दौरान प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों की पुनरावर्ती करते हुये तर्क प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी द्वारा प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड का ऋण नही चुकाया गया है। अप्रार्थी को प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड द्वारा नियमानुसार एन0पी0ए0 घोषित किया जा चुका है। प्रार्थना पत्र स्वीकार कर प्रार्थी को प्रतिभूति सम्पत्ति का कब्जा दिलवाये जाने का निवेदन किया। अतः प्रार्थी का प्रार्थना स्वीकार कर उपरोक्त गिरवीकृत अचल सम्पत्ति का भौतिक कब्जा प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड को दिलवाया जावे जिससे अधिनियम के प्रावधानुसार सम्पत्ति को बेचकर बकाया ऋण की वसूली की जा सके।

Signature Not Verified
Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.28 14:52:52 IST
Reason: SelfAttested

अप्रार्थीगण सं0 1 लगायत 3 बावजूद तामील शामिल अनुपस्थित। अप्रार्थीगण सं0 1 लगायत 3 के विरूद्ध एकपक्षीय सुनवाई की गई।

हमने प्रार्थी प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र व इस प्रार्थना पत्र के साथ दस्तावेजात का अवलोकन किया। पत्रावली के अवलोकन से यह जाहिर है

कि अप्रार्थी अपने ऋण का भुगतान करने में असफल रहें है व प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड द्वारा अप्रार्थी/गारन्टर को अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के पश्चात् भी अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड की ऋण राशि का भुगतान नही किया गया है।

पत्रावली में शामिल दस्तावेजात के अवलोकन से जाहिर है कि अप्रार्थी अपने ऋण का भुगतान करने में असफल रहें है व प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड द्वारा अप्रार्थी/गारन्टर को अधिनियम की धारा 13(2) के अन्तर्गत रजिस्टर्ड नोटिस जारी किये जाने के पश्चात् भी अप्रार्थीगण द्वारा प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड की ऋण राशि का भुगतान नही किया गया है। पत्रावली में शामिल दस्तावेजात के अवलोकन से जाहिर है कि अप्रार्थीगण, प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड के साथ हुये अनुबन्ध के अनुसार ऋण राशि को चुकाने में विफल रहें है। अतः अप्रार्थीगण/ऋणी, गारन्टर को व्यक्तिक्रमी मानते हुये प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड द्वारा प्रश्नगत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तथा सिक्योरिटाईजेशन एण्ड रिक्स्ट्रक्शन ऑफ फाइनेन्शियल एसेटस एण्ड एनर्फोसमेंट ऑफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट 2002 की धारा 14 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये बंधक रखी गई अप्रार्थी सं0 1 ओमप्रकाश सैनी पुत्र दुर्गा प्रसाद सैनी के मालिकाना हक की सम्पत्ति आबादी प्लॉट खसरा नं0 902/136 खुडाना, तहसील चिडावा, जिला झुंझुनूं राजस्थान मे स्थित है जिसमें भूमि, भवन, एवं ढांचा आदि जो सभी सम्पति के अभिन्न अंग है जिसका क्षैत्रफल 400 वर्ग मीटर मे स्थित है का पजेशन प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड को जरिये संबंधित पुलिस थाना की इमदाद से प्राप्त किये जाने के आदेश दिये जाते है। आदेश की प्रति जिला पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू को इस अनुरोध के साथ प्रेषित की जाती है कि प्रार्थी लक्ष्मी इण्डिया फिनलीजकेप प्रा0 लिमिटेड के खर्चे पर उनकी आवश्यकतानुसार चाहे जाने पर पुलिस सहायता उपलब्ध करावें।

आदेश आज दिनांक 18.04.2022 को लिखवाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(एल0एस0कुडी)
**जिला कलक्टर एवं**
**जिला मजिस्ट्रेट, झुंझुनूं**
जिला कलक्टर झुंझुनू

Signature Not Verified

Digitally signed by Laxman Singh Kuri
Date: 2022.04.28 14:52:52 IST
Reason: SelfAttested